आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

07.04.2024 समय : 1850

- द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए मध्योत्तर अंडमान में इस बार उन्यासी हजार पांच सौ अट्ठहत्तर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।
- आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाता वैकल्पिक पहचान पत्रों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।
- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने आपातकालीन सेवाओं के लिए फोन संख्या एक एक दो डायल करने को कहा है।
- पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में खेले जा रहे डी.जी.पी कप टी–ट्वेन्टी क्रिकेट टूर्नामेन्ट का फाइनल कल खेला जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में इस बार के चुनाव में तीन लाख पन्द्रह हजार एक सौ अड़तालीस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पोर्ट ब्लेयर तहसील में सबसे अधिक एक लाख उनचास हजार छः सौ छियासठ मतदाता है। इनमें उन्यासी हजार दो सौ अड़सठ पुरूष और सत्तर हजार तीन सौ छियानब्बे महिला मतदाता है। डिगलीपुर तहसील में कुल चौतीस हजार सात सौ छिहत्तर मतदाता है। इनमें पुरूषों की संख्या अट्ठारह हजार एक सौ इक्यासी और महिलाओं की संख्या सोलह हजार पांच सौ चौरानब्बे है। मायाबन्दर तहसील में नौ हजार आठ सौ अड़तीस पुरूष और नौ हजार दो सौ छप्पन महिला मतदाता है। इस तहसील में कुल मतदाताओं की संख्या उनीस हजार चौरानब्बे है। रंगत तहसील में पच्चीस हजार सात सौ आठ कुल मतदाता है। यहां पुरूषों की संख्या तेरह हजार एक सौ चौदह है जबकि महिलाओं की संख्या बारह हजार पांच सौ चौरानब्बे हैं। कुल मिलाकर मध्योत्तर अंडमान ज़िले में उन्यासी हजार पांच सौ अट्ठहत्तर मतदाता है। इनमें इक्तालीस हजार एक सौ तैंतीस पुरूष और अड़तीस हजार चार सौ चौवालीस महिला मतदाता है। फ़रारगंज तहसील में तेईस हज़ार तीन सौ इक्यानब्बे पुरूष और बाईस हजार नौ सौ इक्यानब्बे महिला मतदाता है जबकि लिटिल अंडमान तहसील में चौदह हजार नब्बे मतदाता है। इनमें सात हजार दो सौ इक्कीस पुरूष और छः हजार आठ सौ उन्हत्तर महिलाएं है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले में कुल मतदाताओं की संख्या दो लाख दस हजार एक सौ उनतालीस है। इनमें पुरूषों की संख्या एक लाख नौ हजार आठ सौ अस्सी और महिलाओं की संख्या एक लाख दो सौ छप्पन है। निकोबार ज़िले में कुल मतदाताओं की संख्या पच्चीस हजार चार सौ इकत्तीस है। इनमें बारह हजार नौ सौ निन्यानब्बे पुरूष और बारह हजार चार सौ बत्तीस महिलाएं है। कार निकोबार में बारह हजार छः सौ छत्तीस, ननकौड़ी में छः हजार नौ सौ सत्रह और कैम्पबेल में पांच हजार आठ सौ अट्ठहत्तर मतदाता है।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की स्वीप टीम की ओर से सेवा निकेतन में बाल देखभाल संस्थान में पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में सभी से बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने ऐसे सभी मतदाताओं को चुनाव का पर्व देश का गर्व को दर्शाती टी–शर्ट व स्मारिका का भी वितरण किया। उधर, पुलिस थाना तेरेसा की ओर से ग्रामवासियों के लिए थाना परिसर में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया और उपस्थिति को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते मतदान के दिन वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान किया जा सकता है। जिन मतदाताओं के पास फोटो मतदाता पहचान पत्र नहीं हैं, वे पहचान के लिए वैकल्पिक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाक कार्यालय की ओर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एन.पी.आर के तहत आर.जी.आई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज़, केन्द्र, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारियों को इन संस्थाओं की ओर से जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, यूडीआईडी कार्ड दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं। हालांकि चुनाव आयोग मतदाताओं की सुविधा के लिए संबंधित मतदान केन्द्रों के बूथ स्तर के अधिकारियों के माध्यम से मतदाता सूचना स्लिप का वितरण का कार्य कर रहा है, ताकि मतदाता अपने मतदाता सूची में उनके नाम, मतदान केन्द्र, मतदान की तिथि, समय और उनके मतदान सूची में क्रम संख्या के बारे में जानकारी हासिल कर सके। हालांकि मतदाता सूचना स्लिप मतदाता की पहचान के साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। द्वीपसमूह के मतदाताओं से प्रजातांत्रिक प्रक्रिया में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई है। मतदान उन्नीस अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम छः बजे के बीच होगा।

<><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने आम जनता से किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए फोन नम्बर एक एक दो डायल करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस नम्बर के माध्यम से आम जनता को संबंधित विभागों की ओर से तुरन्त आपातकालीन सेवा उपलब्ध करा दी जाएगी।

<><><><><><>

चुनाव के दौरान एस एम एस के गलत इस्तेमाल को रोकने तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के दुरूपयोग की रोकथाम के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से आम जनता के लिए एक समर्पित व्हाट्सऐप नम्बर जारी किया गया है। आम जनता नौ पांच तीन एक आठ पांच छः शून्य आठ तीन पर डायल कर आपत्तिजनक संदेशों की जानकारी दे सकते है। जानकारी देते समय उन्हें संदेशवाहक के नम्बर आदि का विवरण देना होगा। रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस जांच–पड़ताल करेगी और नियमों के तहत कार्रवाई करेगी। इसके माध्यम से ऑनलाइन अपराध को भी रोका जा सकेगा। पुलिस ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए नागरिकों से सहयोग की कामना करते हुए उनसे सतर्क रहने और ऐसे किसी भी सोशल मीडिया के दुरूपयोग व  एस एम एस के गलत इस्तेमाल की रिपोर्ट देकर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सहयोग देने को कहा है।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में खेले जा रहे डी.जी.पी कप टी–ट्वेन्टी क्रिकेट टूर्नामेन्ट का फाइनल कल खेला जाएगा। फाइनल दिन में बारह बजे आरंभ होगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से गैर कानूनी और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा चुनावी मौसम में शराब और अन्य मादक पदार्थों का कारोबार करने वालों पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है। हाल ही में कार निकोबार पुलिस थाना की टीम द्वारा पेरका गांव में छापा मारा गया और करीब सात सौ लीटर लहान बरामद किया गया। बाद में इसे नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा इसी गांव में पुलिस टीम ने तीन लीटर अवैध शराब भी जब्त की। सी.सी.एस पुलिस की ओर से भी चलाए गए अभियान में ढेड़ सौ से अधिक शराब की बोतलें जब्त की गई।

<><><><><><>